राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org,
Email id : rajasthanparamedicalcouncilgov@gmail.com,
Contact : 0141-2973804, 2988946

द्वारा ई–मेल

क्रमांकः– रा.पैरामेडि.कौं/परीक्षा/2018/33 दिनांकः 6/7/18

प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक
समस्त परीक्षा केन्द्र/सम्बद्ध पैरामेडिकल कॉलेज,
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।

विषयः– राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा आयोजित प्रथम वर्ष परीक्षा जुलाई, 2018 के प्रवेश–पत्र तथा सेंटर कॉपी ऑनलाईन पोर्टल **http://www.rpcraj.net** से जारी करने के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि दिनांक 16.07.2018 से शुरू होने वाली राजस्थान पैरामेडिकल काउन्सिल द्वारा संचालित पैरामेडिकल डिप्लोमा कोर्सेज के प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के प्रवेश पत्र http://www.rpcraj.net से दिनांक 09.07.2018 से 04:00 बजे, मध्यान्ह पश्चात्, से निम्नानुसार डाउनलोड किये जा सकते हैः–

1. महाविद्यालय ऑनलाईन प्रवेश पत्र निकालने हेतु वेबसाईट http://www.rpcraj.net पर विजिट कर वहाँ पर दिये गये कॉलेज पोर्टल पर राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर द्वारा दिये गये लॉगिन आई.डी. व पासवर्ड डालने के पश्चात् लॉग–इन करें। तत्पश्चात् क्रम सं. 3 पर Pre Exam Activities वाली विन्डो open हो जायेगी। प्रवेश पत्र एवं सेंटर कॉपी निकालने हेतु Pre Exam Activities वाले कॉलम पर जाकर संकाय, कोर्स व कक्षा का चयन करते हुए Proceed पर क्लिक करें एवं प्रवेश पत्र का प्रिन्ट आउट लें।
2. **प्रवेश पत्र संबंधित कॉलेज के कॉलेज पोर्टल से ही प्रिंट किए जाएगें।** प्रवेश पत्र प्रिंट आउट प्राप्त करने के उपरान्त प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी की फोटो को सत्यापित कर विद्यार्थी को दे दिया जाएगा एवं विद्यार्थी संबंधित केन्द्र पर परीक्षा देगा।
3. सेंटर कॉपी संबंधित सेंटर के कॉलेज पोर्टल से प्रिन्ट की जाएगी। सेंटर द्वारा सेंटर कॉपी एवं विद्यार्थी के प्रवेश पत्र को परीक्षा के दौरान मिलान कर लिया जाए। सभी परीक्षा केन्द्र अपने पोर्टल से विद्यार्थियों की उपस्थित पत्रक (Attendance Sheet) भी प्रिन्ट करें एवं परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करवायें। परीक्षा समाप्ति के पश्चात् अनुपस्थित अभ्यार्थियों की डिटेल पोर्टल पर अपलोड करे।
4. यदि किसी भी विद्यार्थी के प्रवेश पत्र पर विद्यार्थी का फोटो नहीं आता है तो उस स्थिति में संबंधित महाविद्यालय कॉलेज पोर्टल से प्रिन्ट करके उस विद्यार्थी की फोटो प्रवेश पत्र पर चस्पा कर उसे सत्यापित करेगें एवं विद्यार्थी को यह निर्देश देगें कि वह संबंधित परीक्षा केन्द्र पर अपनी एक अतिरिक्त फोटो व कोई भी परिचय पत्र साथ लेकर उपस्थित होवें।
5. यदि इस संबंध में कोई भी संशय की स्थिति हो तो राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर को 0141–2973804, 2988946 पर सूचित किया जाए।

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांकः– रा.पैरामेडि.कौं/परीक्षा/2018/33 दिनांकः 6/7/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रषित हैः–

1. अध्यक्ष, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
2. रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
3. निजी सहायक, रजिस्ट्रार/परीक्षानियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
4. सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त निर्देशानुसार प्रवेश पत्र जारी करने सम्बन्धी कार्यवाही करें।
5. रक्षित पत्रावली।

परीक्षा नियंत्रक